राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

श्री कल्याण सिंह लखनऊ रवाना

–

जयपुर, 09 सितम्बर। अपने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करके राज्यपाल श्री कल्याण सिंह जयपुर एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से लखनऊ रवाना हो गये। उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती रामवती देवी भी गई है। राज्य सरकार की ओर से सूचना एवं जनसम्पर्क राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्यपाल को विदाई दी। एयरपोर्ट पर विपक्ष के नेता श्री गुलाब चन्द कटारिया सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण मौजूद थे। राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कतार में खडे प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने आभार व्यक्त किया।

————

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल